है और उद्योगों तथा राष्ट्रीय प्रयोगशालाओं के मध्य अंतः संबंध बढ़ाने के लिए उपाय किए गये हैं । यह निरंतर चलने वाली प्रक्रिया है।

**श्री अजिताभ बच्चन के स्विस बैंक खाते में लेन-देन पर रोक**

1710. **श्री सत्य प्रकाश मालवीय :** क्या **प्रधान मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि स्विस सरकार ने भारतीय व्यापारी, श्री अजिताभ बच्चन के बैंक खाते में लेन-देन पर रोक लगा दी है ; और

(ख) यदि हां, तो इस संबंध में ब्यौरा क्या है ?

**रक्षा मंत्रालय में राज्य मंत्री (डा० राजा रमन्ना) :** (क) और (ख) स्विस अधिकारियों ने बोफ़ोर्स सौदे में जांच के संबंध में स्विस बैंक के छह खातों पर रोक लगा दी है । खाताधारियों का अभी सही पता नहीं लगा है । 9-2-1990 को स्विस अधिकारियों को एक याचिका-पत्र (लेटर-रोगेटरी) दिया गया । आगे जांच चल रही है।

**परमाणु ऊर्जा आयोग द्वारा 10,000 मेगावाट विद्युत उत्पादन का लक्ष्य**

1711. **श्री राम जेठमलानी :** क्या **प्रधान मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि परमाणु ऊर्जा आयोग ने इस शताब्दी के अंत तक देश में 10,000 मेगावाट विद्युत-उत्पादन का लक्ष्य निधारित किया है ;

(ख) यदि हां, तो 1990 तक देश के परमाणु ऊर्जा क्षेत्र मे विद्युत-उत्पादन की कुल संस्थापित क्षमता कितनी हैं ;

(ग) 1987-88 और 1988-89 वर्षों के दौरान परमाणु ऊर्जा के क्षेत्र में विद्युत का कुल कितना उत्पादन किया गया था ; और

(घ) इस शताब्दी के अंत तक निधारित लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए तैयार किए गए कार्यक्रम का ब्यौरा क्या है ?

**विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्रालय में राज्य मंत्री साथ में मानव संसाधन विकास मंत्रालय में शिक्षा विभाग में राज्य मंत्री का अतिरिक्त प्रभार (प्रो० एम०जी०के० मेनन) :** (क) जी, हां।

(ख) परमाणु ऊर्जा के क्षेत्र में बिजली पैदा करने की वर्तमान में स्थापित क्षमता 1465 मैगावाट है।

(ग) परमाणु ऊर्जा के क्षेत्र में वर्ष 1987-88 और 1988-89 मे क्रमशः 5035 और 5817 मिलियन किलोवाट घंटे बिजली का कुल उत्पादन किया गया।

(घ) इस कार्यक्रम के अंतर्गत तैयार किए गए ब्यौरे निम्नलिखित हैं :—

| क्रमांक | कार्यान्वयन की स्थिति | बिजलीघर के यूनिटों की संख्या | क्षमता मेगावाट में |
|---|---|---|---|
| 1. | प्रचालन अवस्था मे | 7 यूनिट | 1465 |
| 2. | निर्माणाधीन | 7 यूनिट | 1645 |
| 3. | निर्माण के लिए अनुमोदित | 10 यूनिट | 3940 |
| 4. | जिनका निर्माण करने का विचार है | 6 यूनिट | 3000 |
| | **जोड़** | 30 यूनिट | 10050 |